# जल्द जारी हो सकती है टीचर्स ट्रांसफर लिस्ट, प्रिंसिपल-लेक्चरर की लिस्ट लगभग तैयार

## प्रिंसिपल और लेक्चरर की लिस्ट को दो दिन पहले अंतिम रूप दे दिया गया है

- **प्रदेशभर के ट्रांसफर्स में मुख्यमंत्री सचिवालय का दखल है**
- **हर विधायक की सिफारिश को सीधे ट्रांसफर में तब्दील किया गया है**

**बीकानेर,** (कासं)। शिक्षा विभाग टीचर्स ट्रांसफर की जंबो लिस्ट जल्दी ही जारी करने वाला है। ट्रांसफर लिस्ट तैयार हो चुकी है और शीघ्र जारी हो जाएगी।

उम्मीद की जा रही है कि बुधवार रात या फिर गुरुवार को ही लिस्ट जारी होगी। सबसे पहले प्रिंसिपल और लेक्चरर के ट्रांसफर होंगे और इसके बाद सीनियर टीचर्स और ग्रेड थर्ड टीचर्स के ट्रांसफर होंगे। शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला की पर्सनल टीम पिछले कई दिनों से ट्रांसफर लिस्ट तैयार करने में जुटी है। इसमें प्रिंसिपल और लेक्चरर की लिस्ट को दो दिन पहले अंतिम रूप दे दिया गया। अब मुख्यमंत्री सचिवालय से इस लिस्ट को अंतिम रूप से चैक करवाया जा रहा है। दरअसल, जोधपुर सहित प्रदेशभर के ट्रांसफर्स में मुख्यमंत्री सचिवालय का दखल है। मंगलवार रात को लिस्ट जारी होने की अफवाह शुरू हुई तो आला अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बुधवार या गुरुवार तक पहली लिस्ट आ सकती है। ट्रांसफर में इस बार कांग्रेस विधायकों, मंत्रियों और कांग्रेस सरकार को समर्थन देने वाले गैर कांग्रेसी विधायकों को खास तरजीह दी गई है। हर विधायक की सिफारिश को सीधे ट्रांसफर में तब्दील किया गया है। यहां तक कि वाइस वरसा ट्रांसफर करते हुए बड़ी संख्या में टीचर्स को सुविधाजनक स्थानों से हटाया भी जा रहा है। शहरी स्कूलों में वर्षों से जमे टीचर्स अब गांव में पदस्थापित हो रहे हैं। दरअसल, टीचर्स ट्रांसफर को लेकर जयपुर में लंबा चौड़ा केंप चल रहा है। शिक्षा निदेशालय से कई आला अधिकारियों के साथ ही प्रिंसिपल और लेक्चरर के रिकार्ड रखने वाले लिपिक भी जयपुर केंप में शामिल हुए हैं। इन सभी को जयपुर में रहना पड़ रहा है।

# ज्वॉइन नहीं करने पर बंद कर दिया जायेगा बेरोजगारी भत्ता

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा मुख्यमंत्री युवा संबल योजना 2021 के तहत आशाथियों को विभाग आवंटन हो जाने के उपरान्त नियमानुयार 15 दिवस में इन्टर्नशिप हेतु कार्यग्रहण कर अपनी ज्वॉइनिंग रिपोर्ट अपनी एसएसओ आईडी से अपलोड करनी होती है।

ज्वॉइन नहीं करने पर नियमानुसार बेरोजगारी भत्ता बंद कर दिया जाता है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि कार्यालय द्वारा 16 जून, 17 जून, 01 जुलाई एवं 18 जुलाई को इन्टर्नशिप करने हेतु विभाग आवंटन कर आशाथियों को सम्बन्धित कार्यालय में उपस्थिति दर्ज करवा कर 15 दिवस की समयावधि में अपनी ज्वॉइनिंग रिपोर्ट विभाग के पार्टल पर अपलोड करने हेतु निर्देश दिये गये थे, लेकिन दिनांक तक कुछ आशाथियों द्वारा विभाग आवंटन के 15 दिवस उपरान्त भी अपनी ज्वॉइनिंग रिपोर्ट अपलोड नहीं की गई है। आशाथियों को बार-बार मैसेज द्वारा ज्वॉइनिंग रिपोर्ट अपलोड करने हेतु सूचित किया जा चुका है। जिन आशाथियों द्वारा 15 दिवस में कार्यग्रहण कर लिया गया था व अभी तक अपनी ज्वॉइनिंग रिपोर्ट अपलोड नहीं की है ,उन्हें अन्तिम अवसर देते हुये 30 जुलाई तक अपलोड करने हेतु निर्देशित किया जाता हैं। उसके पश्चात यह मानते हुये कि उनके द्वारा कार्यग्रहण नहीं किया गया है, बेरोजगारी भत्ता बंद कर दिया जावेगा।

# श्रीकरणपुर बॉर्डर एरिया पर हेरोइन की सप्लाई

## बीएसएफ ने हेरोइन के पांच पैकेट बरामद किए

- **सप्लाई लेने आए पंजाब के दो तस्कर पकड़े**

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले के श्रीकरणपुर बॉर्डर एरिया से बीएसएफ को हैरोइन के पांच पैकेट बरामद हुए हैं।

मामले की जानकारी मिलने पर सीआईडी ( बीआई), बीएसएफ और पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। जिस पर कार सवार दो तस्कर भी पकड़ में आए हैं। पकड़े गए दोनों तस्कर पंजाब के हैं। दोनों पाकिस्तान की ओर से श्रीकरणपुर थाना क्षेत्र के बीपीओ पोस्ट कोहली गांव एक एक्स में भारत पाक इंटरनेशनल बॉर्डर से 150 मीटर पीछे भारतीय सीमा में हैरोइन के पैकेट लेने आए थे। पुलिस को ये हैरोइन भारतीय सीमा में जरनैलसिंह के खेत में पड़ी मिली। खेत में नरमा की फसल के बीच यह हैरोइन पांच पैकेट में बंद थी। इसका वजन 4.730 ग्राम है। तस्कर पुलिस और इंटेलिजेंस को पता लगने पर मौके से फरार हो गए। इस दौरान दो तस्करों के शिवपुर हैड की तरफ जाने की जानकारी मिली। पुलिस ने पीछा किया तो शिवपुर हैड के पास दो लोग पुलिस की पकड़ में आए।

इस मामले में तस्कर पंजाब के मोगा जिले की धर्मकोट तहसील के कोडी सेखा पुलिस थाना के गांव दौलेवाला निवासी बूटासिंह (29) पुत्र गुरबचनसिंह रायसिख तथा पंजाब के तरणतारण जिले की पट्टी तहसील के मुठ्ठेवाला निवासी बलवीर उर्फ बीरा (35 ) पुत्र मंगतसिंह को गिरफ्तार किया गया है। दोनों हैरोइन लेने आए कैरियर हैं। एसपी आनंद शर्मा ने बताया कि श्रीकरणपुर इलाके में पांच पैकेट हैरोइन मिली है। नशे की खेप लेने आए दो तस्कर भी शिवपुर हैड के पास पकड़े गए हैं। अभी इनसे पूछताछ की जा रही है।

# दस हजार रूपये कि रिश्वत लेते डिविजनल अकाउंटेंट गिरफ्तार



अजमेर एसीबी की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

- **ठेकेदार से 43 लाख का बिल पास करने की एवज में मांगी थी रिश्वत**

**अजमेर,** ( कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने बुधवार को सार्वजनिक निर्माण विभाग में कार्यरत डिविजनल अकाउंटेंट ऑफिसर अनिल दायमा को 10 हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते टीम द्वारा रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी के एएसपी सतनाम सिंह ने बताया कि परिवादी ठेकेदार सुरेंद्र सिंह द्वारा निगम क्षेत्र में सड़क का निर्माण किया गया था। जिसका बिल पीब्ल्यूडी द्वारा पास किया जाना था। 43 लाख के बिल को पास करने की एवज में डिविजनल अकाउंटेंट अनिल दायमा ने कुल बिल राशि का आधा परसेंट रिश्वत के रूप में मांगा। आज 10 हजार रुपये परिवादी से अकाउंटेंट दायमा ने लिए, जिसे उसने दराज में रखते ही एसीबी की टीम ने उसे रंगे हाथों धर दबोचा।

आरोपी अनिल दायमा का मकान और परिवार जयपुर में है और वह यहां किराए पर रहता है। एसीबी द्वारा आरोपी अनिल दायमा पुत्र वीर सिंह दायमा के ब्रिज मंडल कॉलोनी कालवाड रोड पुलिस थाना झोटवाड़ा अंतर्गत मकान पर सर्च अभियान जारी है।

एसीबी पुलिस निरीक्षक मीरा बेनीवाल ने बताया कि एसीबी ने परिवादी से मिली शिकायत के बाद शिकायत का सत्यापन किया और बुधवार को कार्यवाही करते हुए जिल ा जयपुर निवासी सार्वजनिक निर्माण विभाग अजमेर के डिविजनल अकाउंट ऑफिसर अनिल दायमा पुत्र वीर सिंह दायमा को गिरफ्तार किया।

# कोच महेश रंगा का निधन

**बीकानेर,** (कासं)। अन्तरराष्ट्रीय स्तर के साइक्लिग कोच महेश कुमार रंगा आज इस दुनिया को अलविदा कह गए।

- **रंगा ने अपने प्रशिक्षण काल में देश को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के साइक्लिंग के खिलाड़ी दिए**

रंगा के आकस्मिक निधन से खेल जगत में शोक की लहर दौड़ गई। गुरु वशिष्ठ अवार्डी, रोड किंग, महेश कुमार रंगा का निधन हृदयघात से हो गया।

आज सुबह नत्थूसर गेट बाहर स्थित उनके निवास से अंतिम यात्रा निकाली गई, तो सैकड़ों खेल प्रेमियों ने नम आंखों से साइक्लिग के उम्दा खिलाड़ी, प्रशिक्षक को विदाई दी। साइक्लिग कोच किशन पुरोहित के अनुसार महेश रंगा 1984-85 में भारतीय खेल संस्थान, पटियाला से साइक्लिग खेल में उतीर्ण हुए थे। इसके बाद उन्हें स्पोटर्स ऑथर्टी ऑफ इंडिया से कोच के पद पर नियुक्त मिली। उन्होंने कई राज्यों में अपनी प्रतिभा के दम पर युवा खिलाड़ी तैयार किए। रंगा ने अपने प्रशिक्षण काल में देश को अन्तरराष्ट्रीय स्तर के साइक्लिग के खिलाड़ी दिए, जिन्होंने राष्ट्र का नाम गौरव किया। उन्होने राष्टीय पदक विजेता खिलाड़ी तराशे। साइक्लिग खेल में महारथ हासिल रंगा को राजस्थान सरकार ने साल 2017-18 में गुरु वशिष्ठ अवार्ड से नवाजा था।

# अन्तर्राज्यीय लूट एवं डकैती की गैंग का पर्दाफाश, दस लोग गिरफ्तार



अलवर एसपी के निर्देशन में लूट व डकैती के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**अलवर,** (निसं)। तेजस्वनी गौतम पुलिस अधीक्षक जिला अलवर एंव सरिता सिंह अति. पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जिला अलवर द्वारा रात्रि के समय बगड तिराया के पास सुभाषचन्द गोयल के मकान में हुई डकैती का पर्दाफाश कर हथियारबंद बदमाश गिरफ्तार किये।

सुभाषचन्द गोयल निवासी बडौदा मेव हाल निवासी बगड तिराया अलवर ने मामला दर्ज कराया कि 24 जुलाई की रात को मेरे मकान में सीढी लगाकर 10-12 आदमी जबरन घुस गये उन्होंने मेरे व मेरी पत्नि के गले पर चाकू रख दिया व मेरे घर में दुकान की बिक्री के करीब 250000 (ढ ाई लाख रूपये) नकद व जेवरात लेकर फरार हो गए ।

जरिये टेलीफोन थानाधिकारी लक्ष्मीनारायण को ईतला दी कि दो स्फिट डिजायर गाडी जिनमें एक दिल्ली नंबर व एक यूपी नंबर हैं तथा उनमें करीब 10-12 संदिग्ध व्यक्ति हैं जो ठेकडा से दिल्ली- रामगढ रोड पर फार्म के पास खडे हुये हैं जो संभवतया सुभाष गोयल के मकान में हुई डकैती के आरोपी हैं। पुलिस को मौके पर दो गाडियों में बैठे हुये संदिग्ध व्यक्ति पुलिस गाडी को देखकर इधर-उधर खेतो में भागने लगे जिनको पीछा कर बमुश्किल पकडा गया। गिरफ्तार आरोपियों में इमरान मेव निवासी बगड मेव अलवर आसमदीन मेव निवासी बगड तिराया पुलिस थाना उधोगनगर जिला अलवर, जहीर मेव बगड तिराया पुलिस थाना उधोगनगर, दीपक कुमार धोबी गहगांव पीएस फेज-2 गौतम बुद्धनगर उतरप्रदेश, राजीव कुमारयादव निवासी पाली खुर्द पुलिस थाना भरथाना जिला ईटावा उतरप्रदेश, अभिषेक जाटव निवासी दरियापुर पुलिस थाना सलेमपुर जिला बुलन्दशहर उतरप्रदेश, पुष्पेन्द्र कुमार निवासी मंडापुर पुलिस थाना अकराबाद जिला अलीगढ उतरप्रदेश, छोटू (लवकुश) निवासी इरावनी पुलिस थाना अकराबाद जिला अलीगढ उतरप्रदेश, कनोज कुमार निवासी इरावनी पुलिस थाना अकराबाद जिला अलीगढ उतरप्रदेश,मोहन पुत्र निवासी जरगा पुलिस थाना राजाखेडा जिला धौलपुर राजस्थान का है जिनकी उम्र 20 से 25 के बीच है। है।

# संदिग्ध युवक गिरफ्तार

- **एक देशी पिस्टल और 3 जिंदा कारतूस बरामद**

**अनूपगढ़,** (निसं)। पुलिस के द्वारा भारत-पाकिस्तान की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर अवैध गतिविधियों और अपराधों की रोकथाम के लिए लगातार गश्त की जा रही है। गश्त के दौरान सूचना मिली कि गांव 5 एमएसआर में एक युवक के पास अवैध हथियार है। इस पर युवक के पास से 12 बोर की एक देशी पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस बरामद कर युवक को गिरफ्तार किया है। एएसआई पृथ्वी सिंह ने बताया कि गांव 5 एमएसआर निवासी राकेश कुमार पुत्र गुरनाम चंद, जाति कंबोज,के पास अवैध हथियार पिस्टल मिली है। पुलिस की गाड़ी देखते ही आरोपी मौके से भागने का प्रयास लेकिन पीछा कर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान एक देशी पिस्टल और पेंट की जेब से तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए ।

# स्कूल की छत से गिर रहा प्लास्टर

- **बारिश में सभी कमरों से पानी टपकने लगता है**

**चाकसू,** (निसं)। चाकसू उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कादेडा के ग्राम ढूंसरी स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में 100 बच्चे अध्ययनरत है। स्कूल का भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। स्कूल के कमरों की दीवारों पर दरारें पड़ गई है।

स्कूल की छत कब गिर जाए, इसका कोई भरोसा नहीं है। प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार ने बताया कि सन् 2020 से ही लगातार प्लास्टर गिरने का सिलसिला जारी है। बारिश में सभी कमरों से पानी टपकने लगता है। छत में लगे लोहे के सरियें बाहर नजर आने लगे हैं। इसकी सूचना उपखंड अधिकारी सहित बीडीओ, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान को कई बार लिखित में दी जा चुकी है लेकिन किसी ने अभी तक कोई भी ध्यान नहीं दिया है।



छत में लगे लोहे के सरिये बाहर नजर आने लगे हैं।

# देह व्यापार में छह गिरफ्तार

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के सुखेर थाना क्षैत्र में पिण्डवाड़ा हाइवे पर स्थित होटल में दबीश देकर देह व्यापार में लिप्त तीन महिला व तीन पुरूषों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक विकास कुमार शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान पुलिस उप अधीक्षक तपेन्द्र मीणा के नेतृत्व में गठित दल ने मंगलवार रात में मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर पिण्डवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग 76 पर स्थित होटल राम लखन पर दबीश दी। जहां स्पा की आड में देह व्यापरी करते आपत्तीजनक अवस्था में पाए गए। जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर जांच शुरू की।

# भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से बीएसएफ के जवानों ने ड्रोन को खदेड़ा

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले के बॉर्डर एरिया पर बुधवार सुबह पाकिस्तान से आए ड्रोन की एक्टिविटी नजर आई। बीएसएफ जवानों के फायर के बाद ड्रोन दिखाई नहीं दिया। इसके बाद पुलिस और बीएसएफ ने सर्च ऑपरेशन चलाया। लेकिन ड्रोन का मलबा या ऐसी कोई चीज अब तक नहीं मिल पाई है। संभव है कि, फायर के बाद ड्रोन वापस पाक सीमा में चला गया हो। रावला थाना क्षेत्र के घड़साना बॉर्डर इलाके में घटना सुबह करीब तीन बजे के आस-पास की है। बीएसएफ को बॉर्डर पर पाकिस्तान सीमा की तरफ से चमकदार चीज नजर आई। आसमान में रोशनी नजर आते ही बॉर्डर पर तैनात बीएसएफ जवानों ने उस पर एक-दो फायर किए। बीएसएफ के एक्शन को देखते हुए ड्रोन कुछ ही देर में नजर आना बंद हो गया। बीएसएफ और पुलिस ने संयुक्त रूप से बॉर्डर इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान खेतों को खंगाला गया। खेतों में सुबह तक किसी भी तरह का नशीला पदार्थ या ड्रोन के डैमेज हिस्से मिलने की कोई जानकारी नहीं मिली है।

एसपी आनंद शर्मा ने बताया कि बीएसएफ ने रावला थाना क्षेत्र के घड़साना बॉर्डर एरिया में ड्रोन नजर आने पर दो से तीन राउंड फायर किए हैं। ड्रोन के वापस पाक सीमा में लौट जाने की भी संभावना है। श्रीगंगानगर एरिया में हैरोइन सप्लाई के लिए ड्रोन का उपयोग होता रहा है। पिछले ढाई महीने में ही 70 करोड़ से ज्यादा की हैराइन इलाके के खेतों में ड्रोन के जरिए डाली गई है। अनूपगढ़ में भारत-पाकिस्तान के अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित मजनू पोस्ट और चित्रकूट पोस्ट के पास एक ड्रोन देखा गया। सुरक्षा की दृष्टि से बीएसएफ के जवानों की गश्त बढ़ा दी गई है।

# अवैध बजरी से भरे चार ट्रेक्टर-ट्रोली जप्त, आरोपी गिरफ्तार



अवैध बजरी से भरे हुए ट्रैक्टर-ट्रोली जप्त किए।

- **बरोनी व निवाई थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन व परिवहन पर कार्यवाही की**

**निवाई,** (निसं)। स्थानीय थाना पुलिस ने बुधवार को बजरी परिवहन व खनन पर कार्यवाही करते हुए तीन ट्रेक्टर-ट्रोली जप्त कर एक चालक को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी अजय कुमार ने बताया कि पुलिस जाप्ते ने शहर के जमात क्षेत्र से अवैध बजरी से भरे हुए ट्रेक्टर-ट्रोली को जप्त किया गया। चालक मौके से फरार हो गए। इसी प्रकार हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र से एक ट्रेक्टर-ट्रोली व केरोद मोड से अवैध बजरी से भरी ट्रेक्टर-ट्रोली जप्त की गई। पुलिस ने चालक जितेन्द्र वर्मा निवासी खारडा की ढ ाणी बैरवा बस्ती बहड को गिरफ्तार किया। इसी प्रकार बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन व परिवहन के मामले में एक साल से फरार चल रहे दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बरोनी थानाधिकारी हरिराम ने बताया कि वांछित आरोपी शंकरलाल गुर्जर निवासी मण्डालिया व हरिशंकर मीणा निवासी भंवरपुरा को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ने बताया कि अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रेक्टर-ट्रोली को जप्त किया है। चालक दूरी का फायदा उठाकर फरार हो गया।

# जोधपुर में लगातार बारिश से मकान गिरा, महिला की मौत, पति और दो बच्चे घायल

## बालेसर का बैठवासियां बांध टूटा, ट्रेनें रोडवेज के पहिए थमे रहे

- **41 घंटे अनवरत बारिश, 262 एमएम पानी बरसा**
- **दूसरे दिन भी स्कूलों में अवकाश घोषित**

**जोधपुर,**(कासं)। जोधपुर में सोमवार की शाम से शुरू हुई बारिश का सिलसिला बुधवार की दोपहर एक बजे तक अनवरत जारी रहा। बारिश के चलते बुधवार की सुबह शहर में नागौरी गेट की जनता कॉलोनी में एक मकान भरभरा कर गिर गया। वक्त घटना एक महिला की मौत हो गई तो उसका पति, पुत्र और पुत्री घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

फतेहपोल क्षेत्र में भी एक मकान की दीवार भरभरा कर सुबह गिर गई । गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। मंगलवार की रात को भी फिर से मूसलाधार बारिश हुई। अब तक 262 मिलीमीटर पानी बरस गया है। शहर के नदी, नाले उफान पर हैं तो कई जगहों पर पानी का भारी जमाव है।

रेलों और रोडवेज के पहिए मंगलवार से ही थम गए हैं। कई ट्रेनों के समय में परिवर्तन किया जा चुका है। रोडवेज मंगलवार की दोपहर से बंद पड़ी हैं। बस स्टेण्ड पानी में डूबा हुआ है। रलवे ट्रेक पर भी पानी भरा हुआ है।

बारिश के चलते जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता ने आज भी निजी और सरकारी स्कूल में अवकाश भी घोषित कर दिया। शहर के पुराने भवनों और भीतरी शहर का जायजा लेने के लिए खुद जिला कलेक्टर, पुलिस आयुक्त रविदत्त गौड़ सुबह निकले। नागौरी गेट जनता कॉलोनी में गिरे मकान का अवलोकन करने के साथ कलेक्टर घायलों से मिलने एमजीएच भी पहुंचे।

मारवाड़ के जोधपुर, जालोर, भीनमाल, पाली सिरोही में जमकर बादल बरसे हैं। यहां पर सडक़ों और वाहनों का संपर्क भी टूट गया है। लगातार हो रही बारिश से शहर के निचली बस्तियों में पानी भी भर गया है। शहर के सूरसागर थाने में सुबह छत का प्लास्टर भरभरा कर गिर गया। हालांकि इसमें कोई पुलिस कर्मी चोटिल या जख्मी नहीं हुआ है।

शहर के पर्यटन स्थल झरने में तब्दील हो गए पर्यटन स्थलों पर लोगों का हुजूम आज भी उमड़ रहा है। भीतरी शहर के रानीसर पदमसर ओवर फ्लो होने से क्षेत्र में झरना चालू हो गया।

जिले के बिलाड़ा और बालेसर में भी बारिश का पानी कहर ढा गया। बालेसर का बैठवासियां बांध सुबह टूटने से पानी का सैलाब निकल पड़ा। पानी गांवों में घुस गया है। मंगलवार को शहर कायलाना और क दमकंडी और माचिया पार्क पर काफी हुजूम उमड़ा।

सूरसागर के गेंवा गांव में लोगों के घरों में पांच पांच फिट तक पानी भर गया। एसडीआरएफ ने रेस्क्यू कर कई परिवार को पानी से बाहर निकाला।



पदमसर तालाब ओवरफ्लो होने के बाद जोधपुर के लोग वहां घूमने व पूजा करने पहुंचे।